हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, अप्रैल 5, 2024

11 मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दे कर्मचारी



12 कन्या गुरुकुल के वार्षिकोत्सव में कुरीतियों पर किया प्रहार



## खबर संक्षेप

### लापता युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**झज्जर :** क्षेत्र के गांव सासरौली में संदिग्ध परिस्थितयों में कई दिन पहले लापता एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नौगांवा निवासी करीब 24 वर्षीय ओमबीर पुत्र सुरेश के तौर पर की गई है। परिजनों के अनुसार ओमबीर पिछले करीब चार दिनों से घर लापता था। ओमबीर अविवाहित था और खेती बाड़ी का कार्य करता था। मामले के जांच अधिकारी जोगेंद्र ने सासरौली-मातनहेल मार्ग पर शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंच कर जहां स्वयं मुआयना किया वहीं फॉरेंसिक टीम बुलाकर भी आवश्यक साक्ष्य जुटाए। फिलहाल मृतक के भाई सोमबीर के बयानों के आधार इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से प्लंबर की मौत

**बहादुरगढ़।** दिल्ली सीमा के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। लाइन क्रास करते वक्त वह हादसे का शिकार हुआ। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय अजय कुमार के रूप में हुई है। मूल रूप से यूपी के शाहजहांपुर का रहने वाला था। पिछले कुछ समये से टिकरी बॉर्डर पर रह रहा था। पेशे से प्लंबर था। इन दिनों छोटूराम नगर में काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात को काम खत्म करने के बाद वह छोटूराम नगर से अपने घर के लिए चला। इसी दौरान दिल्ली सीमा के नजदीक रेलवे लाइन पार करते वक्त एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया।

### चरस सहित आरोपी को पुलिस ने किया काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा ने चरस सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई है। लाइनपार का रहने वाला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि विजय नशीला पदार्थ बेचता है। फिलहाल पटेल नगर के पास इसी मंशा से मौजूद है। इस आधार पर टीम ने मौके पर जाकर उसे हिरासत में लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 263 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ चल रही है।

## नफे सिंह हत्याकांड में गैंगस्टर अमित से पूछताछ जारी

# मामले में अमित का लिंक आ रहा है सामने, अमित द्वारा ही सिग्नल एप पर दो शूटरों की नंदू से संपर्क कराने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के नजदीकी बदमाश अमित गुलिया का भी नफे सिंह हत्याकांड में रोल मिलने की पूरी संभावना है। चर्चा है कि हत्याकांड में अमित ने ही दो शूटरों की व्यवस्था की और उनका संपर्क सिग्नल एप के जरिये ब्रिटेन में छिपे नंदू से कराया। हालांकि पुलिस ने अभी इस संबंध में पुष्टि नहीं की है। फिलहाल अमित से पूछताछ जारी है। पूछताछ में उससे हत्याकांड के संबंध में कुछ और जरूरी तथ्य निकलकर सामने आने की संभावना है। ऐसे में देखने वाली बात है कि पुलिस कब इस पूरे मामले को सुलझा पाती है।

### 25 फरवरी को हुई थी वारदात

दरअसल, गत 25 फरवरी को पूर्व विधायक नफे सिंह राठी और उनके साथी कार्यकर्ता जयकिशन की गोलियां मारकर हत्या की गई थी। कार में सवार होकर आए चार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। इनमें से दो शूटर आशीष व सौरव को पुलिस गोवा से काबू कर जेल भेज चुकी है। वहीं शूटरों को गाड़ी उपलब्ध कराने वाला बदमाश धर्मेंद्र भी जेल में भेजा जा चुका है। हत्याकांड हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इस केस में मात्र तीन ही गिरफ्तारियां हो पाई हैं। फरार शूटर अतुल व नकुल का कोई सुराग नहीं है। न ही अभी तक नामजद 12 आरोपियों में से किसी को गिरफ्तार किया जा सका है।

### वारदात में नंदू गैंग का नाम

इस हत्याकांड में शुरू से ही ब्रिटेन बेस्ड गैंगस्टर कपिल सांगवान उफ नंदू का नाम सामने आ रहा है। मामले में पकड़े जा चुके तीन अपराधी व फरार अतुल तथा नकुल भी इसी गैंग के हैं। नंदू का बड़ा भाई ज्योति बाबा दिल्ली की तिहाड़ जेल में है, तो वहीं उसके कई नजदीकी साथी बदमाश मंडोली जेल में बंद हैं। इसलिए पुलिस उन पर लगातार नजर बनाए हुए थी। चर्चा तो ये भी है कि जेल में ही नफे सिंह की हत्या का प्लान बनाया गया। मामले में तहकीकात बढ़ती रही तो एक और नाम सामने आया। ये नाम है अमित गुलिया का, जो गैंगस्टर नंदू का करीबी रहा है। फिलहाल मंडोली जेल में बंद था।

### दो शूटरों की व्यवस्था कराई

पुलिस को उम्मीद थी कि इस गैंगस्टर से पूछताछ की जाए तो मामले में कुछ सुराग मिल सकता है। इसलिए गत एक अप्रैल को पुलिस इसे प्रोडक्शन वारंट पर लाई और आठ दिन के रिमांड पर ले लिया। फिलहाल चार दिन से इससे पूछताछ जारी है। अमित गुलिया बादली के नजदीक लाडपुर गांव का रहने वाला है। करीब 29 वर्षीय इस बदमाश पर हत्या, लूट, डकैती सहित 30 आपराधिक मामले दर्ज बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हत्याकांड में अमित का भी अहम रोल रहा है। इसने ही आशीष और सौरव नाम के दो शूटरों की व्यवस्था की थी। आशीष और सौरव को मैसेज दिया था कि सिग्नल एप डाउनलोड करें, भाई (नंदू) तुमसे संपर्क करेंगे। हालांकि इसकी असल सच्चाई पुलिस की पुष्टि के बाद ही सामने आ सकेगी।

### नहीं हो पाया मास्टरमाइंड का खुलासा

मामले में अमित से क्या कुछ खुलासा हुआ है, अभी पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि अभी इसका चार दिन का रिमांड और बाकी है। जांच के लिए गठित एसआईटी व अन्य अधिकारी लगातार पूछताछ में जुटे हैं। ऐसे में देखने वाली बात ये है कि इससे पुलिस क्या कुछ उगलवा पाती है। बहरहाल, एक महीना से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस वारदात के कारण और साजिशकर्ताओं का खुलासा नहीं हो सका है। परिजन व समर्थक न्याय के इंतजार में हैं। वहीं इनेलो नेता अभय चौटाला द्वारा भी एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी गई है। दूसरी तरफ अधिकारी लगातार यही कह रहे हैं कि जल्द ही वारदात सुलझाई जाएगी।

# अनाज मंडी में शुरू नहीं हुआ धर्मकांटा

## प्राईवेट धर्मकांटों पर जा रहे किसान, बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अनाजमंडी आढ़तियों की हड़ताल की समाप्ति के बाद मंडी में सरसों की 27228 क्विंटल आवक दर्ज की गई। इसके अलावा गेहूं की भी 2223 क्विंटल आवक हुई। अलसुबह से ही अनाजमंडी के गेट पर गेटपास कटवाने के लिए किसानों की भीड़ रही। हालांकि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा तीन स्थानों पर गेट पास के लिए काउंटर बनाए हुए थे लेकिन गेट नंबर एक पर किसान धूप में गेट पास कटवाते नजर आए। तीन-चार दिन पहले तक सुनसान नजर आने वाली मंडी में जगह-जगह सरसों की फसल के ढेरियां दिखाई दीं। खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारी भी सरसों की फसल की ढेरियों में नमी की जांच करते हुए दिखाई दिए। खुंगाई गांव से सरसों की फसल लेकर पहुंचे किसान सत्यप्रकाश व ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि बेशक मार्केट कमेटी द्वारा किसानों की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हों लेकिन गेट पास कटवाने के लिए उन्हें लाइन में लग कर करीब तीन घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। यदि किसानों की भीड़ को देखते हुए थोडे.समय के लिए एक-दो काउंटर



झज्जर। गेटपास कटवाने के लिए लगी किसानों की भीड़।



सत्यप्रकाश



ब्रह्मप्रकाश



रमेश

■ तीन स्थानों पर गेट पास के लिए काउंटर बनाए हुए थे फिर भी घंटों करना पड़ा इंतजार

और बना दिए जाएं तो उन्हें देर तक धूप में खड़ा नहीं पडेग़ा। हालांकि गेट पास वाले स्थानों पर टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था भी की गई थी लेकिन किसानों की भीड़ के कारण वह टेंट छोटा पड़ गया। ऐसे में मार्केट कमेटी सचिव सविता सैनी ने अनाजमंडी पहुंच कर मौके का जायजा लिया। किसान रमेश दुल्हेड़ा ने कहा कि अनाजमंडी में जो धर्मकांटा बनाया गया है उसे चालू किया जाना चाहिए था। कांटा शुरू न होने के कारण उन्हें अपनी फसल को प्राइवेट धर्मकांटों पर तुलवाना पड़ रहा है जिस कारण उन्हें अतिरिक्त फीस देनी पड़ती है। जिला प्रशासन को चाहिए कि आवक शुरू होने से पहले धर्मकांटे को भी सुचारू रूप से चलाया जाता।

### 8397 क्विंटल की खरीद

अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप ने बताया कि वीरवार को झज्जर अनाजमंडी में सरसों की फसल की 8397.50 क्विंटल खरीद हैफेड अधिकारियों द्वारा की गई है जबकि गेहूं की कोई खरीद नहीं हो पाई।

# वजन कराने को लेकर धर्मकांटा संचालक व युवकों में कहासुनी, हवाई फायर से हड़कंप

## सरसों व गेहूं की फसल की आवक से धर्मकांटे पर थी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ आरोपी युवक फिर से एक गाड़ी में सवार होकर आए लेकिन किसानों व अन्य लोगों उन्हें भगा दिया

शहर के कच्चा बादली रोड स्थित एक धर्मकांटे पर अपनी फसल का वजन कराने के लिए लगी ट्रैक्टर-ट्रालियों की भीड़ के दौरान युवकों द्वारा धर्मकांटा संचालक के साथ मारपीट करने व अपने बचाव में धर्मकांटा संचालक द्वारा हवाई फायर करने का मामला सामने आया है। कच्चा बादली रोड स्थित श्रीराम श्याम धर्मकांटा के संचालक जयभगवान ने बताया कि अनाजमंडी में हो रही सरसों व गेहूं की फसल की आवक के कारण वीरवार को उनके धर्मकांटे पर अपनी फसल का वजन कराने वाले किसानों की भीड़ थी। इसी दौरान उसका पुत्र दीपक वजन कर रहा था तभी कुछ युवक उसके साथ पहले वजन करने को लेकर मारपीट करने लगे। जब उक्त युवकों ने उस पर लगातार लात व घूंसों से प्रहार किए तो दीपक ने अपने बचाव में हवाई फायर किया। उसके बाद वे युवक मौके से भाग निकले। जयभगवान के इसके कुछ देर बाद आरोपी युवक फिर से एक गाड़ी में सवार होकर आए थे लेकिन मौके पर मौजूद किसानों व अन्य लोगों की भीड़ ने ही उन्हें भगा दिया। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मौका-मुआयना भी किया।





झज्जर। धर्मकांटे पर मामले की जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मी।

### किसी भी पक्ष ने नहीं दी शिकायत

इस संबंध में जब सिटी थाना प्रभारी सदानंद से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्हें अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा कोई शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने उपरांत ही कोई आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# प्रसाद मामला एक महिला की हालत अभी भी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रसाद खाकर बीमार होने वाली महिलाओं की तबीयत में सुधार हो रहा है। लेकिन एक महिला की हालत अब भी गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रसाद में किस चीज की मिलावट से ये हालात बने, यह अभी स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में किसी तरह की शिकायत पुलिस को नहीं दी गई है।

■ प्रसाद खाने से बिगड़ी थी तबीयत

दरअसल, बादली रोड पर मेला ग्राउंड के नजदीक एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बुधवार को कथा में श्रीकृष्ण जन्म मनाया गया था। इस दौरान खीर तथा माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करते हुए दो बच्चियों समेत कुछ महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई थी। पंडाल में मौजूद भक्तों ने तुरंत उन्हें संभाला और अस्पताल ले गए। महिलाओं को जीभ, होठ, गले आदि में पीड़ा हुई थी। उन्हें उल्टियां भी हुई। ईलाज के बाद कुछ महिलाओं को छुट्टी मिल गई लेकिन दो महिलाओं को आईसीयू में भर्ती कराया गया। हालांकि बाद में एक महिला को भी आईसीयू से बाहर शिफ्ट कर दिया गया। वीरवार को भतेरी नाम की महिला ही आईसीयू में भर्ती थी। ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि मरीजों की जीभ और गला बुरी तरह झुलसा है, जिसकी वजह से हालत गंभीर है। मरीज फिलहाल कुछ भी खा-पी नहीं पा रहे हैं। मरीजों को भी मालूम नहीं कि प्रसाद में क्या था, लेकिन जैसे ही प्रसाद मुंह में रखा तो पहले जलन और फिर उल्टियां शुरू हो गई। उधर, पुलिस का कहना है कि इस संबंध में किसी तरह की शिकायत नहीं आई है। संभवतः प्रसाद में कुछ गिरने के कारण यह हालात उत्पन्न हुए होंगे।



बहादुरगढ़। उपचाराधीन महिला की जांच करते चिकित्सक।

### सिलानी गांव में सड़क किनारे मिला शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिलानी केशो में राजकीय स्कूल के नजदीक एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस को दी शिकायत में सरपंच प्रतिनिधि जयवीर ने बताया कि शायद इस व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिस कारण उसकी मौत हो गई। इस दौरान उन्होंने मृतक व्यक्ति की पहचान के प्रयास भी किए लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब पचास वर्ष जताई जा रही है।

# पढ़ाई के तनाव में तंग आकर छात्रा ने लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में आत्महत्या के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। वीरवार को भी एक छात्रा का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। पढ़ाई के तनाव से तंग आकर छात्रा द्वारा आत्म हत्या किए जाने की बात सामने आई है। मृतका की पहचान करीब 19 वर्षीय रिया के रूप में हुई है। यहां नई बस्ती की रहने वाली थी। एमबीए में पढ़ती थी। जानकारी के अनुसार, वीरवार की सुबह उसके पिता अपने काम पर गए हुए थे, वहीं मां व अन्य परिजन काम में व्यस्त थे। इसी बीच करीब दस बजे उसका शव कमरे में ही पंखे पर लटका देखा गया। परिजनों की नजर पड़ी तो संभाली गई लेकिन देर हो चुकी थी। इसके बाद उसे अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। परिजनों के बयान के मुताबिक, रिया पढ़ाई को लेकर काफी चिंतित रहती थी। संभवतः इसी तनाव में आकर उसने यह कदम उठा लिया। जांच अधिकारी राजेंद्र सिंह का कहना है कि फांसी लगाने से एक युवती की मौत हुई है। परिजनों के बयान पर मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

■ 19 वर्षीय रिया एमबीए में पढ़ती थी



बहादुरगढ़। मामले में कार्रवाई करते जांच अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



## खबर संक्षेप

### सेमिनार में की प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप पर चर्चा

**बहादुरगढ़।** शहर के मीडार्क अस्पताल में वीरवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल निदेशक डॉ. धर्मेंद्र राठी और डॉ. विजय बूरा ने प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. विक्रम कलरा और डॉ. अजिताभ ने किडनी, लिवर और हृदय रोगों के प्रबंधन और रोकथाम के लिए उपायों पर चर्चा की। आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के लाभ और स्वस्थ आहार के महत्व के बारे में सलाह दी गई। कोविड के बाद उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के बारे में भी चर्चा हुई। सेमिनार के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन ने स्वस्थ जीवनशैली और रोगों से बचाव के महत्वपूर्ण तत्वों पर आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया।

### इंधन डालने के विवाद में दो भाइयों को पीटा

**बावल।** आसरा का माजरा में दो भाइयों से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में जगरूप ने बताया कि गांव निवासी विजय उसके घर के सामने इंधन डाल रहा था। मना करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। बचाव के लिए आए उसके भाई सरदारा से भी उसने मारपीट की।

## राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज में प्रतियोगिता आयोजित


# पोस्टर मेकिंग में कमलेश प्रथम व बिमल द्वितीय रही



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में नशा निषेध क्लब के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता और सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पाद नियंत्रण क्लब के नोडल अधिकारी डॉक्टर कुलदीप, शिवशंकर तथा सुदेश कुमारी ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा कमलेश ने पहला स्थान प्राप्त किया। एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा बिमल दूसरे स्थान पर रही। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नीलम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उधर सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उनको सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करवाने के लिए डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया।



झज्जर। खिलाड़ी कनिष्का व उसके कोच को सम्मानित करते हुए गोपाल गोयल।

### होनहार खिलाड़ी का किया स्वागत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव हसनपुर स्थित जय हनुमान कुश्ती अखाड़ा की खिलाड़ी कनिष्का ने यूपी के नोएडा में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के दौरान अंडर-15 आयु वर्ग भागीदारी करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया है। कोच प्रदीप व सोमबीर ने बताया कनिष्का के यह पदक 50 किलोग्राम भार वर्ग में हासिल किया है। कनिष्का के अखाड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों व अखाड़ा समिति द्वारा कनिष्का व उसके कोच प्रदीप व सोमबीर का फूल व नोटों की मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे गोपाल गोयल ने होनहार खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने मौजूदा जनसमूह से आह्वान किया कि देश की बच्चियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उनका प्रोत्साहन आवश्यक है।

# प्रत्येक मतदाता करे अपने मताधिकार का उपयोग



झज्जर। स्वीप ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान उपसिति विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित कॉफ्रेंस रूम में स्वीप ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला के शिक्षण संस्थानों के एनसीसी, एनएसएस, कोऑर्डिनेटर शामिल हुए। इस दौरान स्वीप यानि मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से साझा की गई। एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि स्वीप गतिविधियों में शैक्षणिक संस्थानों का अहम रोल है और इसी के मद्देनजर जिला के शिक्षण संस्थानों के एनसीसी व एनएसएस विंग को शामिल किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान जागरूकता अभियान चलाने के लिए रणनीति तैयार की गई जिसके तहत प्रभावी तरीके से समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक किया जाएगा।

### स्कूली विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



झज्जर। जागरूकता रैली निकालने के दौरान उपस्थित स्कूली विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य।

**झज्जर।** स्वीप अभियान के तहत मेरी शान, मेरा वोट, छोड़ो अपने सारे काम, पहले करो मतदान आदि रचनात्मक नारों के साथ दादरी तोय गांव स्थित पीएम-श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टाफ सदस्यों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नारे एवं स्लोगन के माध्यम से जन-जन में जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

### विद्यार्थियों को दी मानसिक स्वास्थ्य को सही रखने के टिप्स




झज्जर। विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य सही रखने बारे जानकारी देते हुए डॉक्टर राजवीर यादव।

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में प्राचार्या डॉक्टर तराना नेगी की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान नामक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर सुनीता ने व्याख्यान के लिए आए हुए प्रवक्ता डॉक्टर राजवीर यादव का परिचय कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यान के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को सही रखने की तकनीक से अवगत कराया तथा विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास भी कराया।

# मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दें कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को एसीपी अखिल कुमार ने यातायात थाना शहर में तैनात कर्मचारियों के साथ मीटिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यातायात बल पुलिस का एक विशेष अंग है। ऐसे में यातायात पुलिस की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं कि वह यातायात को सुगम बनाए रखें। जिसके लिए प्रत्येक कर्मचारी को अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से करते हुए मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देनी चाहिए और साथ ही सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े वाहन चालकों पर भी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। ताकि कोई व्यक्ति ऐसी गाड़ियों में किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सके।



झज्जर। मीटिंग के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसीपी अखिल कुमार। फोटो :हरिभूमि

### सुखों को प्रदान करने वाली है पापमोचनी एकादशी : गुलशन

**झज्जर।** चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी को पापमोचनी एकादशी कहते हैं। एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु के पूजन का विधान है। सनातन धर्म में एकादशी के व्रत को सभी व्रतों में श्रेष्ठ बताया गया है। यह भगवान विष्णु का प्रिय व्रत है और सुखों को प्रदान करने वाला है। इस व्रत के फल से सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है। यह बात पंडित गुलशन शर्मा ने कही। पापमोचनी एकादशी का अर्थ है पाप को नष्ट करने वाली एकादशी। इस दिन विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। पापमोचनी एकादशी का व्रत रखना फलदायी माना गया है। इस व्रत को करने से भक्तों के कष्ट दूर होते है और मनोकामनाएं पूर्ण होती है। धार्मिक मान्यतानुसार पापमोचनी एकादशी के दिन तुलसी का पूजन अवश्य करना चाहिए। भगवान विष्णु को तुलसी बहुत प्रिय है। ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप निरंतर करते रहें।



# हत्या प्रयास के तीन आरोपित गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपी। फोटो :हरिभूमि

- पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपियों को रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 1 अप्रैल को आनंद नगर में एक छात्र व बुजुर्ग के साथ मारपीट करने के बाद फायरिंग करने के मामले में सिटी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आनंद नगर के पास स्कूटी पर जा रहे दो छात्रों की एक बाइक से टक्कर हो गई थी। इसके बाद बाइक सवार दो युवकों ने छात्र को पीटना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने उनका विरोध किया तो बाइक चालकों ने अपने कुछ अन्य साथियों को भी बुला लिया। इन लोगों ने बाद में एक बुजुर्ग के साथ भी मारपीट की। इसी दौरान एक युवक ने फायर कर दिया। गोली मेडिकल स्टोर के शीशे को तोड़कर पार निकल गई। मेडिकल स्टोर संचालक बाल-बाल बच गया था। पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घटना की वीडियो सामने के बाद पुलिस ने अर्जुन नगर निवासी समर्पित, मोहल्ला छिपटवाड़ा निवासी कमल व अंकित पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

### स्कूलो में संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास तेज

**बहादुरगढ़।** स्कूलों में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद दाखिला प्रक्रिया चल रही है। हालांकि कुछ स्कूलों ने तो पहले ही सीट फुल का बोर्ड लग चुका है। लेकिन जिन स्कूलों में सीटें रिक्त हैं, वे अभिभावकों को लुभाने के लिए कोई अवसर नहीं छोड़ रहे। सुबह ही उनके स्कूल का स्टाफ लोगों के घरों में दस्तक देना शुरू कर देता है। स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए अभिभावकों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए जा रहे है। इसमें स्कूल में होने वाली प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई, अनुशासन, खेल सुविधा, परिवहन सुविधा, पीने के पानी के लिए आरओ, प्राइमरी विंग में एसी, बसों में एसी, निःशुल्क अतिरिक्त क्लासें, एडमिशन फ्री आदि ऑफर कर रहे हैं। कुछ निजी स्कूल संचालक व उनमें कार्यरत स्टाफ घर-घर जाकर अभिभावकों से बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए स्कूलों ने अपना प्रचार तेज कर दिया है। इसके तहत कुछ स्कूल फीस कम होने की योजना बता रहे तो कुछ छात्रवृति का प्रलोभन दे रहे हैं। शहर के कई जाने-माने स्कूलों में सीट फुल हो चुकी हैं। अन्य स्कूल बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए हर तौर तरीके अपना रहे हैं। इस बार कुछ स्कूलों में छात्रवृति परीक्षा भी ली गई तो कुछ स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अभिभावकों को स्कूल में दी जा रही सुविधाओं व शिक्षा के बारे में अवगत करवाया गया।

- बसों में एसी, नि:शुल्क अतिरिक्त क्लासें, एडमिशन फ्री आदि ऑफर कर रहे




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कैप्टन शक्ति सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी झज्जर।

### डिस्टलरी से निकलने वाली गाड़ियों की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

**झज्जर।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने आबकारी एवं कराधान विभाग व एसएसटी, एफएसटी के अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए अवैध तरीके से शराब की बिक्री व आवाजाही की पूर्ण रोकथाम के लिए सख्त रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिस्टलरी से शराब लेकर निकलने वाली गाड़ियों में जीपीएस अनिवार्य है। आवागमन के रूट भी तय किए जा रहे हैं। अगर चेकिंग के दौरान गाड़ी बगैर जीपीएस के मिलती है या निर्धारित रूट पर नहीं मिलती है तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले की सीमा पर चैकिंग अभियान तेज करें व गांवों से होकर जाने वाले मार्गों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। उन्होंने एसएसटी टीमों को निर्धारित नाकों के अलावा सरप्राइज नाके लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

- स्पेशल नाके लगाकर इंफोर्समेंट बढ़ाएं आबकारी, कराधान व एसएसटी टीमें

### मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने शुरू किया वोटर हेल्पलाइन एप

**बेरी।** विधानसभा बेरी के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रविंद्र मलिक ने कहा कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज करवाएं। मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने की प्रक्रिया 26 अप्रैल तक चालू रहेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रकाशित मतदाता सूची को सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ को उपलब्ध करवा दिया गया है और कोई भी मतदाता बीएलओ से संपर्क करके सूची में अपना नाम चैक कर सकता है। साथ ही संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ को नए वोट बनवाने या मतदाता सूची से नाम कट जाने की स्थित में दोबारा नाम जोड़ने के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने सहित मतदाता से संबंधित अन्य कार्यों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन नामक एप भी संचालित की जा रही है। इस एप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

- मतदाता बीएलओ से संपर्क करके सूची में अपना नाम चेक कर सकता है

# सतवंत बने एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराष्ट्र के काम्टी में दो माह तक चले राष्ट्रीय कैडेस कोर अधिकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के डीपीई सतवंत जाखड़ ने देशभर के 524 कैडेट्स के साथ तृतीय ऑफिसर रैंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि इस तरह के कठोर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में एनसीसी कैडेट्स को देशभक्ति, एकता व अनुशासन में सशक्त बनाना है। डीपीई सतवंत जाखड़ ने एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर रैंक मेजर जनरल राजेश कुमार सचदेवा के नेतृत्व में आयोजित 60 दिनों के कठोर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में हासिल किया। इस उपलब्धि पर ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सतवंत। फोटो :हरिभूमि

### पिकअप की टक्कर से पुलिस वैन पलटी, हेड कांस्टेबल सहित तीन घायल

**डहीना।** बुधवार की रात बुड़ौली के निकट एक पिकअप गाड़ी ने गश्त कर रही पुलिस वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पुलिस की गाड़ी पलट गई, जिससे उसमें सवार हेड कांस्टेबल सहित तीन लोग घायल हो गए। चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। रात को डहीना चौकी के हेड कांस्टेबल अमरजीत सरकारी गाड़ी में होम गार्ड जवान संदीप व चालक अरविंद गश्त के दौरान बुड़ौली से सीहा की ओर आ रहे थे। कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गाड़ी पलट गई, जिससे उसमें तीनों घायल हो गए।

# नशीला पदार्थ बेचने वालों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस ने नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुए अलग-अलग स्थानों से नशीला पदार्थ बेचने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से स्मैक व गांजा बरामद किया है। नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली थी कि बिशनपुर निवासी बालकिशन नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह रायपुर रोड पर स्मैक बेचने के लिए घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद सेल की टीम मौके पर पहुंच गई। सेल की टीम बिशनपुर से रायपुर की ओर जाने वाले रोड पर पहुंची तो वहां खड़े युवक ने खेतों की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसकी जेब से माचिस की डिब्बी में स्मैक के पाउच मिले। वजन कराने पर 1.39 ग्राम स्मैक बरामद हुई। सेल की टीम ने उसे काबू करते हुए बावल पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करा दिया।

### दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



रेवाड़ी। स्मैक के साथ गिरफ्तार आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### आरोपी से गांजा बरामद

पुलिस ने भाड़ावास टी-प्वाइंट पर एक आरोपी को नशीला पदार्थ गांजा बेचने के आरोप में काबू किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर भाड़ावास रोड निवासी बछराज उर्फ गाड़ी को काबू करते हुए तलाशी ली तो उसके कब्जे से 28.61 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसे मौके पर गिरफ्तार करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस आरोपी से गांजा सप्लाई के बारे में पूछताछ कर रही थी।

### दो के खिलाफ चोरी के प्रयास का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** अलवर बाइपास के निकट एक दुकान में चोरी का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस शिकायत में राजस्थान के भिवाड़ी निवासी जयसिंह ने बताया कि उसकी अलवर बाइपास पर फ्लैक्स की प्रिंटिंग की दुकान है। पड़ोस में होटल पर काम करने वाले सुमन और कमलेश उसकी दुकान पर आए थे। इन लोगों ने दुकान से प्रिंटिंग प्रेस का सामान चोरी करने के लिए उसे दीवार के बाहर फेंक दिया। पता चलने के बाद आरोपी सामान छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# श्याम जागरण के साथ लगाया भंडारा



बहादुरगढ़। सचिन राजेश जून को श्री श्याम बाबा का चित्र देते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लडरावन गांव में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के द्वितीय श्री श्याम सलोना महोत्सव व विशाल जागरण के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होकर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सचिन राजेश जून ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। नतमस्तक होकर कहा कि श्री खाटू श्याम बाबा की कृपा सदैव बहादुरगढ़ हलके के लोगों पर बनी रहे। जून ने भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। उन्होंने आयोजकों को 11 हजार रुपए सहयोग के रूप में भेंट किए। ग्रामीणों ने सचिन जून को पटका पहनाकर व श्री श्याम बाबा का चित्र भेंटकर सम्मानित किया।

खबर संक्षेप

## शराब पीकर हुड़दंग करते हुए दो आरोपी पकड़े

**झज्जर**। पुलिस अलग-अलग टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। शहर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकेश निवासी शहर झज्जर और सलीम निवासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश हाल शहीदी पार्क शहर झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

## अवैध देशी शराब सहित एक आरोपी पकड़ा

**झज्जर** । पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध देशी शराब सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। थाना दुजाना प्रभारी मंजीत ने बताया कि गांव सुर्खपुर क्षेत्र से अवैध शराब की दस बोतलों सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामवीर निवासी गांव सुर्खपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

## शिकायत करने पर पति-पत्नी को डंडों से पीटा

**बहादुरगढ़**। गांव मातन में एक दंपति पर डंडों से हमला कर दिया गया। घायल की पहचान दीपक के रूप में हुई है। दीपक का कहना है कि वह पेशे से ड्राइवर है। बुधवार को गांव के अड्डे से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव का निवासी नितेश मिल गया। वह मुझे गाली देने लगा। किसी तरह से मैं वहां से निकल गया। इसके बाद मैं व मेरी पत्नी नितेश के घर उसकी शिकायत करने पहुंचे। इसी दौरान नितेश वहां आ गया। उसने डंडे से मुझ पर व मेरी पत्नी पर हमला कर दिया। जैसे-तैसे हम जान बचाकर वहां से भागे तो वह हमारे घर भी आ गया। यहां भी मारपीट की। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया।

## पेलपा में खेत से किसान की बाइक चोरी

**बहादुरगढ़**। गांव पेलपा के खेतों से एक किसान की बाइक चोरी हो गई। उसने पुलिस को शिकायत दे दी है। जयपाल का कहना है कि वह अपने खेत में पानी देने के लिए गया था। खेत के नजदीक बाइक खड़ी कर दी और ट्यूबवैल चलाने चला गया। ट्यूबवैल चालू करने के बाद वापस जाने लगा तो बाइक नजर नहीं आई। इसके बाद अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### स्व. आचार्या बहन के 91वें जन्मदिवस पर समारोह का आयोजन

# कन्या गुरुकुल के वार्षिकोत्सव में किया कुरीतियों पर प्रहार

केंद्रीय आर्य सभा बहादुरगढ़ ने गुरुकुल के सहायतार्थ लगभग चार लाख रुपये की राशि एकत्रित कर सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़






बहादुरगढ़। नाटिका प्रस्तुत करती गुरुकुल की छात्राएं व हैरतअंगेज आसन करती गुरुकुल की कन्याएं। फोटो :हरिभूमि

गांव लोवा कलां में स्थित रणजीत स्मारक शांति निकेतन कन्या गुरुकुल की संचालिका स्व. आचार्या बहन के 91वें जन्मदिवस पर वीरवार को समारोह का आयोजन किया गया। विदित है कि उन्होंने करीब तीन दशक पूर्व कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीड़ा उठाया था। आज भी इस गुरुकुल से शिक्षित कन्याएं समाज को नई दिशा देने में अहम भूमिका अदा कर रही हैं। वीरवार सुबह कन्या गुरुकुल में समारोह की शुरूआत में यज्ञ एवं प्रवचन हुए। यज्ञोपरांत समारोह में अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय आर्य सभा बहादुरगढ़ ने गुरुकुल के सहायतार्थ एकत्रित की गई लगभग चार लाख रुपए की राशि गुरुकुल की मुख्य आचार्या डॉ. राजन मान आचार्या विद्यावती को भेंट स्वरूप दी। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा रामदेव के गुरु आचार्य प्रद्युम्न व हरियाणा संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष चितरंजन दयाल कौशल उपस्थित रहे। गुरुकुल में गऊशाला के लिए अशोक मान और धर्म झाड़ौदा द्वारा एक नए शैड की नींव रखी गई। मंच का संचालन आर्या अनु व आर्या प्रीति ने किया। कृष्णा आचार्या के मार्गदर्शन में डा. राजन मान व विद्यावती आचार्या ने कन्या गुरुकुल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बताया कि कन्या गुरुकुल गुरुकुल में बिना किसी भेद-भाव के तुल्य वस्त्र, खानपान, आसन एवं एक समान शिक्षा दी जा रही है। गुरुकुल की कन्याओं ने योगासन, भजन, कविता पाठ, भाषण, श्लोकोच्चारण व देशभक्ति गीतों के अलावा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वामी दयानंद के जीवन पर आधारित एक लघु नाटिका भी पेश की।

ब्रह्मचारिणियों ने सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डालती सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में डा जयेंद्र आचार्य व डा यतमायत्ति ने छात्राओं से कड़ी मेहनत से एक मजबूत और संस्कारयुक्त देश का निर्माण करने का आह्वान किया। इस मौके पर आर्य सतपाल वत्स, आर्य हरिओम दलाल, ब्रह्मजीत आर्य, कर्नल राजेंद्र सहरावत, मास्टर सतपाल दहिया, मास्टर रामचंद्र रुहिल, करतार सिंह व अशोक जून आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। डा. राजन मान व विद्यावती आचार्या को धनराशि सौंपते आर्यसमाजी।



बहादुरगढ़। कोच पूनम चौपड़ा के साथ पदक विजेता जूडो खिलाड़ी।

# लखनऊ से जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

- बहादुरगढ़ के अंबेडकर स्टेडियम से 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित जुजित्सु सब जूनियर और जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के अंबेडकर स्टेडियम से 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 5 खिलाड़ी पदक जीतकर बहादुरगढ़ लौटे तो उनका अंबेडकर स्टेडियम और सेक्टर-2 में जोरदार स्वागत किया गया। पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ ही उनकी अर्जुन अवार्डी कोच पूनम चौपड़ा को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि लखनऊ में 30 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित स्पर्धा में प्रेक्षा ने अंडर-10 के 36 किलो भारवर्ग में दोनो इवेंट में स्वर्ण पदक जीते। पूरब ने एक इवेंट में स्वर्ण और दूसरे में अंडर-10 के 36 किलो भारवर्ग में कांस्य जीता। जयदेव ने अंडर-12 के 32 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अंश ने अंडर-12 के 44 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। कीर्ति ने अंडर-17 के 57 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। लक्ष्य कुमार ने अंडर-12 के 32 किलो भारवर्ग, सन्नी ने अंडर-16 के 44 किलो भारवर्ग में, राजेश ने अंडर-14 के 36 किलो भारवर्ग में भाग लिया। विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ कोच पूनम चौपड़ा और मैनेजर निशू का अंबेडकर स्टेडियम और सेक्टर-2 में भव्य स्वागत किया गया। मौके पर डॉ हरबीर सिंह राठी, जूडो कोच विजय शंकर पांडेय, नेशनल कोच ममता शौकीन, कोच पूजा कामरा, राजेंद्र शर्मा, घनश्याम शर्मा, भूपेंद्र सिंह, विपिन, राजकुमार अरोड़ा, धर्मवीर सिंह, सतवंती, राजेश, दलेल सिंह, रामरती, अजनेश शौकीन, कार्तिक, रीतू शौकीन, वैशाली शौकीन आदि मौजूद रहे।

# तहसील कार्यालय में सीएम फ्लाईंग की औचक रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- विवाह पंजीकरण की 30 फाईलों का नहीं मिला रिकार्ड

वीरवार को सीएम फ्लाईंग रोहतक की टीम द्वारा तहसील कार्यालय में विवाह पंजीकरण संबंधित कार्यो में बरती जा रही अनियमिताओं की जांच की। सीएम फ्लाईंग टीम में तैनात उप निरीक्षक सहदेव ने बताया कि डी आर ओ प्रमोद चहल व नायब तहसीलदार कीर्ति के साथ सरल केंद्र में विवाह पंजीकरण का रिकार्ड चैक किया गया। रिकार्ड चैक करने पर पाया गया कि बीते 31 दिसंबर से अब तक कुल 281 शादी के प्रमाण पत्र जारी किए गए है। जबकि ऑनलाईन किए गए आवेदनों में से 64 आवेदन लंबित पाए गए है। जिनका रिकार्ड चैक करने पर कुल 34 फाईलों का रिकार्ड मिला जबकि 30 फाईल कार्यालय में नहीं मिली। जिसके बारे में संबंधित कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके अलावा आरसी क्लर्क के पास विवाह पंजीकरण के लिए तीन फाईल रखी हुई पाई जबकि ये ऑनलाईन नहीं हो रखी थी।



झज्जर। रेड के दौरान रिकार्ड चैक करते हुए प्रशासनिक अधिकारी एवं सीएम फ्लाईंग की टीम। फोटो :हरिभूमि

## जहांगीरपुर में निकाली जागरुकता रैली...



*बहादुरगढ़। बादली महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन वीरवार को जहांगीरपुर गांव में मतदाता जागरूकता एवं नशा मुक्ति रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों द्वारा जहांगीरपुर के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी विकास शर्मा व पूनम शर्मा की देखरेख में रैली संपन्न हुई। रैली में घर-घर जाकर लोगों को नशे से दूर रहने तथा आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। गांव की गलियों से होती हुई यह रैली वापस बादली कॉलेज पहुंची। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। हरियाणवी नृत्य एवं मटका सजाओ प्रतियोगिता में भी बढ़. चढ़कर भाग लिया। नोडल ऑफिसर डॉ. मंजीत सिंह ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। रैली निकालने में विजय सिंह, मंजीत, सुभाष, निशा, उर्मिला, समता और बेबी राणा आदि ने सहयोग किया।*

## स्थापना दिवस को लेकर बांटे झंडे

**बहादुरगढ़**। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को सभी शक्ति केंद्रों व बूथों पर कार्यक्रम होंगे। सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा भी लगाएंगे। इसे लेकर वीरवार को हुई मीटिंग में पूर्व विधायक नरेश कौशिक व चेयरपर्सन सरोज राठी ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा के झंडे वितरित किए। वार्ड-28 में हुई मीटिंग की अध्यक्षता पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला ने की। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर, प्रवीण सोनू, कृष्ण चंद्र, मधु मित्तल, मदन तिवारी, नवीन राठी, पूजा कौशिक, ज्योति, सुदेश, पिंकी, प्रमिला, रानी, बबली, सुषमा, प्रभा, शकुंतला रावत आदि मौजूद रही।
- रवींद्र राठी

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# तुर्की भेजने के लिए नकली वीजा व टिकट देकर 2.40 लाख ठगे

- एक लाख पैंतीस हजार खाते में ट्रांसफर कराए गए शेष राशि नकदी के रूप में ली गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सिवाना निवासी एक व्यक्ति के साथ विदेश भेजने के नाम पर नकली वीजा व टिकट देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। गृहमंत्री हरियाणा सरकार को दी गई शिकायत में सिवाना गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र किला सिंह ने बताया कि उसने तुर्की देश के लिए अप्लाई किया था। चयन होने पर उन्होंने उसे ओफर लेटर व वीजा व टिकट दी गई। अनिल कुमार के अनुसार जब इन दस्तावेजों की वेरिफिकेशन की गई तो सभी दस्तावेज नकली पाए गए। ऐसे में संबंधित लोगों द्वारा उसके साथ कुल दो लाख चालीस हजार रुपये की ठगी की गई। जिसमें से एक लाख पैंतीस हजार खाते में ट्रांसफर कराए गए शेष राशि नकदी के रूप में ली गई थी। आरोपी लोगों में राजस्थान जिला अलवर के उटोली गांव निवासी इंद्रमणी, रणधीर व प्रदीप शामिल हैं। पीड़ित के अनुसार जब वे पैसे लेने के लिए उनके घर गया तो उसे उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोबाइल टावर से लाखों के पाट्र्स चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़**। मोबाइल कंपनियों के टावर भी चोरों के निशाने पर हैं। आए दिन कहीं न कहीं से टावरों के पाट्र्स निकाले जा रहे हैं। ताजा मामला बहादुरगढ़ के सेक्टर-14 का है। यहां इंडस कंपनी के एक टावर से लाखों रुपये के पाट्र्स निकाल लिए। दहकोरा के निवासी मनीष का कहना है कि वह एक सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर है। हमारी कंपनी मोबाइल टावरों की सुरक्षा करती है। इंडस कंपनी का एक टावर बहादुरगढ़ के सेक्टर-14 में है। दोपहर को अचानक उस टावर का सर्वर डाउन हो गया और सेवाएं प्रभावित हो गई। इसके बाद तकनीकी टीम जांच के लिए वहां पहुंची तो वहां सब कुछ अस्त-व्यस्त था। इसके बाद हमने जाकर जांच की। इस दौरान टावर के काफी पाट्र्स गायब थे, जिनकी कीमत लगभग साढे आठ लाख रुपये है। चोरों ने वारदात के दौरान सीसीटीवी की तार भी काट दी थी। इस वारदात से कंपनी को काफी आर्थिक हानि हुई, वहीं उपभोक्ताओं को भी परेशानी झेलनी पड़ी। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परिजनों ने किशोर के अपहरण की जताई आशंका, पुलिस तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के महावीर पार्क में रहने वाला प्रवासी मूल का एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता-पता नहीं है। परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस को शिकायत देकर तलाश की गुहार लगाई है। मूलतः उत्तर प्रदेश की निवासी देवी का कहना है कि वह यहां पिछले करीब एक साल से महावीर पार्क में रह रही है। एक कंपनी में काम करती है। उसके पास तीन बच्चे हैं। करीब 15 वर्षीय बेटा अनिल घर पर ही रहता है। दो अप्रैल को वह ड्यूटी पर गई और रात करीब 9 बजे वापस आई तो अनिल घर पर नहीं मिला। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। अब तक उसे तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। हमें शक है कि किसी ने उसका अपहरण कर लिया है। वहीं पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

कुश्ती स्पर्धा | अंडर-15 और अंडर-20 नेशनल कुश्ती स्पर्धा में दिखाया दमखम

# विजेता पहलवानों और प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

- हरियाणा एमेच्योर रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव राकेश कोच ने पहलवानों व प्रशिक्षकों की मेहनत-प्रतिबद्धता को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विजेता पहलवानों व प्रशिक्षकों के साथ राकेश कोच व अन्य।

वीरवार को लैफ्टिनेंट महीपत मैमोरियल शिक्षा समिति द्वारा मॉडर्न स्कूल में अंडर-15 और अंडर-20 नेशनल कुश्ती स्पर्धा में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों, उनके कोच व मैनेजर आदि को सम्मनित किया गया। हरियाणा एमेच्योर रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव एवं मॉडर्न स्कूल के निदेशक एडवोकेट राकेश सांगवान ने कहा कि पहलवान अपनी प्रतिभा से लगातार प्रदेश को गौरवांवित कर रहे हैं। स्वागत समारोह में एचएडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष कृष्ण ढुल, एडवोकेट योगेश मेहता, सह-सचिव एडवोकेट मंदीप शेरा, हिसार के जिला महासचिव संजय उमरा, पानीपत के जिलाध्यक्ष अजय मलिक व डॉ राज वशिष्ट आदि ने पदक विजेता पहलवानों को प्रोत्साहित किया। महिलाओं के अंडर-15 आयुवर्ग के 36 किलो में विनाक्षी, 39 किलो में चेष्टा, 46 किलो में जन्नत, 42 किलो में मेघा, अंडर-20 आयुवर्ग के 50 किलो में मुस्कान, 57 किलो में तपस्या, 59 किलो में नेहा, 65 किलो में वर्षा, 72 किलो में मंजू, 76 किलो में ज्योति ने पदक जीते। वहीं लड़कों के अंडर-15 फ्री स्टाइल में 41 किलो में शिवम, 62 किलो में सतेंद्र, अंडर-20 आयुवर्ग में 61 किलो में रविंद्र, 70 किलो में नरेंद्र, 97 किलो में साहिल, ग्रीकोरोमन के अंडर-15 आयुवर्ग के 57 किलो में अनुज, 68 किलो में सुमित, 75 किलो में दीपेंद्र, 85 किलो में प्राणशित, अंडर-20 आयुवर्ग में 55 किलो में अनिल मोर, 60 किलो में मोहित, 67 किलो में सचिन, 82 किलो में प्रिंस, 87 किलो में रोहित व 97 किलो में विक्रांत आदि को सम्मानित किया गया। इनके कोच मोनिका, देवेंद्र, राजेश, मैनेजर जगदीश ढांडा, संजय लाठर व ओमप्रकाश आदि को भी सम्मानित किया गया। डॉ. राकेश सिंह कोच ने सभी का फूल माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही मेडल और ट्रॉफी देकर अभिनंदन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों की मेहनत-प्रतिबद्धता को सराहा। उनके अनुसार हरियाणवी पहलवान अपने अथक परिश्रम से भारत को वैश्विक मानचित्र पर विख्यात करने में जुटे हैं। उन्होंने सभी उभरते खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।